**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1214**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

# तमिलनाडु के ग्रामीण विकास योजनाओं हेतु निधि

**1214. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसादः**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2021-24 की अवधि के दौरान ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को आबंटित की गई धनराशि हाल में आबंटित धनराशि की तुलना में अधिक है; और

(ख) यदि हां , तो वर्ष 2021-24 तक वार्षिक रूप से निधियों के आबंटन का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क):** जी हां।

**(ख):** ग्रामीण विकास मंत्रालय तमिलनाडु राज्य सहित देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण विकास के लिए कई योजनाएं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) , प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) , प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) , दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), दीन दयाल उपाध्याय - ग्रामीण कौशल्या योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) , राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) और प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) का वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी) कार्यान्वित कर रहा है।

मंत्रालय द्वारा इन योजनाओं के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां आवंटित की जाती हैं जो बाद में जिलों को निधियों जारी करते हैं। अत: यह मंत्रालय जिलों को निधियां आवंटित/रिलीज नहीं करता है। वर्ष  2021-22 से 2023-24 तक तमिलनाडु राज्य के लिए उपर्युक्त योजनाओं के तहत निधियों का कुल आवंटन निम्नानुसार है:

**(रुपए करोड़ में)**

| राज्य | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | **12241.21** | **13343.61** | **14131.78** |

*****